कार सवार चोरों ने परचून की दुकान का शटर तोड़कर हजारों का सामान उड़ाया

सो रहे परिवार के कमरों के दरवाजे बाहर से किये बंद, राष्ट्रीय राजमार्ग के तिराहे पर हुई वारदात

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के कंचनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग तिराहे पर सोमवार की रात कार सवार चोरों ने परचून की दुकान का शटर तोड़कर हजारों रुपये का सामान पार कर दिया। वारदात के दौरान चोरों ने मकान में सो रहे परिवार के कमरों के दरवाजे बाहर से बंद कर दिए। मंगलवार सुबह ग्रामीणों की मदद से परिवार बाहर निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की और सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया।

जानकारी के अनुसार, हरिसेनगंज निवासी मनोज कुमार केसरवानी ने कंचनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग तिराहे पर मकान बनवाया है। मकान के निचले हिस्से में उनकी परचून की दुकान है। सोमवार रात करीब नौ बजे दुकान में ताला बंद करने के बाद वह परिवार के साथ ऊपर बने कमरों में सोने चले गए। मंगलवार सुबह कुछ महिलाओं ने उन्हें घर का गेट खुला होने और दुकान का शटर टूटा होने की जानकारी दी। बाहर निकलने की कोशिश करने पर दरवाजे बंद मिले। इसके बाद ग्रामीणों ने दरवाजा खोलकर परिवार को बाहर निकाला।

दुकान की जांच करने पर शटर का ताला और लाक टूटा मिला। चोर दो टिन रिफाइंड तेल, अरहर की पांच बोरी दाल, फार्च्यून तेल के एक और दो किलो वाले पैकेटों की पेटियां, काजू-बादाम, तीन बोरी चीनी तथा गल्ले में रखे करीब एक हजार रुपये के सिक्के ले गए। सूचना पर डायल ११२ और हल्का दरोगा प्रेम प्रकाश पांडेय पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस को आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में चार पहिया वाहन से आए चोर दिखाई दिए, जो सामान लादकर ले जाते नजर आए। कैमरे की खराब स्थिति के कारण चोरों की संख्या स्पष्ट नहीं हो सकी। पुलिस अन्य स्थानों के कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। सेकेंड इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि चोरों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।



सुजावन देव धाम का निरीक्षण करते एसडीएम।

एसडीएम ने सुजावन देव धाम का किया निरीक्षण, घाटों की सफाई के दिये निर्देश

घूरपुर (प्रयागराज)। यमुनापार के घूरपुर स्थित प्रसिद्ध सुजावन देव धाम में भाई दूज पर लगने वाले ऐतिहासिक यम द्वितीया मेले की तैयारियां तेज हो गयी हैं। सोमवार को एसडीएम बारा अर्पित कुमार ने मंदिर परिसर और यमुना घाट का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने घाट पर गंदगी देखकर नाराजगी जताई और तत्काल साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये।

एसडीएम ने सुजावन देव महादेव का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया।

उन्होंने मेले से पहले घाटों की सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और मेला क्षेत्र में स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि यम द्वितीया मेला क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक आयोजन है, जिसमें लाखों श्रद्धालु यमुना में स्नान और सुजावन देव महादेव के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए।

निरीक्षण के दौरान मंदिर के महंत राजीव गिरि और मुख्य पुजारी ज्ञानेंद्र गोस्वामी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। महंत ने एसडीएम को मेले की तैयारियों और मंदिर की व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

स्वच्छता, शिक्षा और नशा मुक्ति के प्रति लोगों को किया जागरूक

बरौत (प्रयागराज)। हंडिया तहसील क्षेत्र के बरौत ग्राम सभा में समाजसेवी एवं विवेकानंद कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक की ओर से नशा मुक्ति, स्वच्छता और शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए स्वच्छता अपनाने और शिक्षा को बढ़ावा देने की अपील की।

शिक्षक नागेंद्र यादव ने कहा कि नशा मनुष्य के जीवन को बर्बाद कर देता है। कई बार लोग शौक के तौर पर नशीले पदार्थों का सेवन शुरू करते हैं, लेकिन धीरे-धीरे यह आदत बन जाती है। इससे व्यक्ति के साथ उसके परिवार पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी को नशामुक्त समाज देने के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। नशे की लत से छुटकारा पाना मुश्किल जरूर है, लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति और प्रयास से यह संभव है। शिक्षक महाराज पांडेय ने कहा कि नशा परिवार को तोड़ने के साथ समाज को भी दूषित करता है। युवाओं का नशे की गिरफ्त में आना गंभीर सामाजिक समस्या है, क्योंकि युवा ही देश का भविष्य हैं।

उन्होंने लोगों से अपने स्तर पर नशा मुक्ति के लिए काम करने की अपील की। उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर भी विस्तार से जानकारी दी। साथ ही कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है। शिक्षित व्यक्ति ही बेहतर और सुंदर समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए सभी को नशे से दूर रहने, स्वच्छता अपनाने और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आगे आना चाहिए।

बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, दो युवक घायल

बरगढ़ से मवई कला लौटते समय छिवलहा के हनुमान मंदिर के पास हादसा

मऊ (चित्रकूट)। झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर छिवलहा स्थित हनुमान मंदिर के पास मंगलवार को बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गयी।

हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार, मवई कला गांव निवासी राजेश निषाद (२२) पुत्र बबली, अविनाश (२८) पुत्र पप्पू और शंकर पासी (२५) पुत्र चौबेलाल पल्सर बाइक से बरगढ़ से अपने गांव लौट रहे थे। छिवलहा स्थित हनुमान मंदिर के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गयी।

हादसे में राजेश निषाद और अविनाश घायल हो गए। घटना के बाद घायलों को सीएचसी मऊ पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक डा. प्रखर निगम ने उनका उपचार किया।

बाइक की टक्कर से तीन घायल, एक प्रयागराज रिफर

मऊ (चित्रकूट)। मऊ थाना क्षेत्र के शिवपुर चौराहे पर सोमवार देर रात बाइक की टक्कर से पैदल जा रहे नागेश (३२) समेत तीन लोग घायल हो गए। हादसे में नागेश के सिर में गंभीर चोट आई। सीएचसी मऊ में प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने उन्हें प्रयागराज रिफर कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार, बाइक पर विकास (१८) और हर्ष (१८) सवार थे। शिवपुर चौराहे के पास बाइक की टक्कर से पैदल जा रहे नागेश सहित तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ पहुंचाया। यहां विकास और हर्ष का उपचार चल रहा है, जबकि नागेश की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें प्रयागराज भेज दिया गया।

सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई।

विज्ञान देव जी महाराज के जन्मोत्सव पर रक्तदान शिविर आज

झूंसी (प्रयागराज)। संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बुधवार, २८ अक्टूबर को महर्षि सद्गुरु सदाफल देव आश्रम, झूंसी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह १० बजे से शुरू होगा। शिविर के कोआर्डिनेटर रामबाबू गुप्ता ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करना और जरूरतमंद मरीजों की मदद करना है। उन्होंने श्रद्धालुओं, संत समाज और समाजसेवियों से शिविर में भाग लेकर रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सच्ची सेवा है। इससे जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिल सकता है। शिविर के माध्यम से स्वर्वेद के परमार्थ और सेवा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का भी प्रयास किया जाएगा।

घूरपुर पुलिस ने गिरफ्तार किये चार वारण्टी

घूरपुर (प्रयागराज)। घूरपुर पुलिस ने मंगलवार को कारवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे चार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। प्रभारी निरीक्षक हरकेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर छोटा कंजासा गांव निवासी कमलेश निषाद, राधेश्याम उर्फ बोरई और प्रदीप निषाद को गिरफ्तार किया। तीनों दीनानाथ निषाद के पुत्र हैं। वहीं, इसी गांव के निवासी संतोष कुमार बिंद पुत्र सिपाही लाल को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, चारों आरोपित लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे। पुलिस आयुक्त के निर्देशन तथा डीसीपी यमुनानगर और एसीपी कौंधियारा के पर्यवेक्षण में यह कारवाई की गयी। गिरफ्तार आरोपितों को विधिक कारवाई के लिए संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



रावण का वध करते श्रीराम।

शिवराजपुर में पहली बार सजा भव्य दशहरा मेला, उमड़ी हजारों की भीड़

रामदल की चौकियों एवं काली तांडव नृत्य ने मोहा मन

शंकरगढ़ (प्रयागराज)। शंकरगढ़ क्षेत्र के शिवराजपुर बेनीपुर चौराहे पर पहली बार भव्य दशहरा मेले का आयोजन किया गया। आकर्षक विद्युत सजावट, रामदल की चौकियों और धार्मिक प्रस्तुतियों को देखने के लिए आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। देर रात तक मेले में चहल-पहल बनी रही।

शिवराजपुर व्यापार मंडल की ओर से २५ अक्टूबर को मेले के आयोजन का निर्णय लिया गया था। इसके लिए करीब १५ दिन पहले से तैयारियां शुरू कर दी गयी थीं। मेले में चौराहे के चारों ओर आकर्षक विद्युत सजावट की गयी। बच्चों और महिलाओं के लिए झूले लगाए गए, जबकि विभिन्न प्रकार की दुकानों पर लोगों ने खरीदारी की। मेले में निकाले गये रामदल की चौकियों में भगवान राम, लक्ष्मण, हनुमान और कुंभकर्ण की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके अलावा राधा-कृष्ण नृत्य, शिव-पार्वती की प्रस्तुति और काली तांडव नृत्य ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। आसपास के गांवों से आए लोग देर रात तक चौकियों को देखने के लिए डटे रहे। बच्चों ने खिलौनों और खानपान की दुकानों पर मेले का आनंद उठाया। कार्यक्रम में मुख्य आतिथि बारा विधायक डा. वाचस्पति, उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय संयोजक संतोष पनामा, शिवराजपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष लल्लू राम त्रिपाठी, डा. विनोद त्रिपाठी, मूलचंद्र गुप्ता, रोहित केसरवानी छाया, रतन केसरवानी, जितेंद्र साहू, शंकरगढ़ व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद केसरवानी, जय केसरवानी, अरविंद कुमार मिश्रा, पिंटू सिंह, संजीव मिश्रा, सुरेश भाई, मनोज मिश्रा, गोपाल पेंटर, बहादुर पाल, राजगोपाल पाल, कृष्ण मुरारी, श्याम पाल और शिवशंकर त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

श्रीराम कथा में गूंजी भक्ति और समर्पण की महिमा

भरत के त्याग और केवट-श्रीराम के प्रेम प्रसंग ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर

मेजारोड (प्रयागराज)। मेजारोड पांती स्थित सिद्ध हनुमान मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथावाचकों ने भगवान श्रीराम की महिमा, भक्ति की शक्ति और मानव जीवन में कर्मों के महत्व पर प्रकाश डाला। कथा के दौरान भरत के त्याग, केवट और प्रभु श्रीराम के आत्मीय संवाद सहित विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

सुश्री आस्था गोस्वामी ने भगवान के अवतरण के कारणों की चर्चा करते हुए सुख-दुख और कर्मों के संबंध को समझाया। उन्होंने पूर्व जन्म के कर्मों का उल्लेख करते हुए जीवन में सद्कर्म और भक्ति के महत्व पर जोर दिया। महाराज मनु और माता शतरूपा के वंश का वर्णन करते हुए गृहस्थ आश्रम तथा दांपत्य जीवन के धर्म और कर्तव्यों पर भी प्रकाश डाला गया। महात्मा मधुकरिया जी के जीवन प्रसंगों के माध्यम से भक्ति, समर्पण और परमात्मा की कृपा का महत्व बताया गया। प्रयाग पीठाधीश्वर स्वामी श्रीधराचार्य जी ने तुलसी साहित्य में निहित व्यवहारवाद की व्याख्या करते हुए आदर्श आचरण अपनाने का संदेश दिया। महाराष्ट्र के निर्मल कुमार शुक्ला जी ने भरत के प्रभु श्रीराम के प्रति अगाध प्रेम की तुलना चातक पक्षी से करते हुए उनके त्याग, समर्पण और अनन्य भक्ति का वर्णन किया। वहीं, वाराणसी के रामसूरत रामायणी ने श्रीराम और केवट के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। केवट की प्रेमपूर्ण वाणी और प्रभु श्रीराम के साथ उसके आत्मीय संवाद ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम के आयोजक विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष नित्यानंद उपाध्याय ने रामप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने की अपील की। व्यवस्थापक विजयानंद उपाध्याय ने श्रद्धालुओं और आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।



मेजारोड पांती स्थित हनुमान मंदिर में कथा सुनातीं कथा वाचिका आस्था गोस्वामी।

साइबर अपराध से बचाव के लिए छात्रों को किया जागरूक

सैदाबाद, (प्रयागराज)। केशव शिक्षा सदन इंटर कॉलेज में साइबर अपराध से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सतर्कता विभाग की उप महाप्रबंधक मनीषा चंदा ने विद्यार्थियों को अनजान लोगों के साथ ओटीपी साझा नहीं करने और फर्जी फोन कॉल से सावधान रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि साइबर ठग बैंककर्मी या पुलिस अधिकारी बनकर लोगों को निशाना बना सकते हैं। सहायक महाप्रबंधक सतर्कता अमित कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. वंदना तिवारी सहित शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

इफको फूलपुर इकाई में सतर्कता जागरूकता अभियान की हुई शुरुआत

अधिकारियों और कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं ईमानदारी की ली शपथ

फूलपुर (प्रयागराज)। इफको की फूलपुर इकाई में २७ और २८ अक्टूबर को आयोजित सतर्कता जागरूकता अभियान-२०२६ का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर इफको के प्रबंध निदेशक केजे पटेल ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कार्यों में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता, ईमानदारी और नियमों के अनुरूप समयबद्ध कार्य करने का संदेश दिया। इकाई प्रमुख पीके सिंह ने कहा कि सभी कर्मचारियों को बिना किसी पूर्वाग्रह या पक्षपात के निष्पक्षता और पूरी ईमानदारी के साथ संस्था के हित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने नियमों और प्रक्रियाओं का पालन करते हुए पारदर्शी निर्णय लेने पर जोर दिया। कहा कि इससे संस्था की प्रगति और लोगों का विश्वास मजबूत होता है। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने सतर्कता एवं सत्यनिष्ठा की शपथ ली। सभी ने अपने कार्यों में ईमानदारी, जवाबदेही और नैतिक मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।



एमबीए छात्र पर राड और धारदार हथियार से हमला

फाफामऊ, प्रयागराज। शांतिपुरम स्थित नवजीवन अस्पताल के पास सोमवार को एमबीए प्रथम वर्ष के छात्र विपिन कुमार यादव पर रॉड और धारदार हथियार से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। छात्र की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। विपिन के अनुसार, करीब १५ दिन पहले कक्षा में ग्रुप डिस्कशन के दौरान उसकी सहपाठी अनूप तिवारी से कहासुनी हुई थी। आरोप है कि इसी रंजिश में अनूप और उसके साथियों ने कॉलेज से निकलने के बाद हमला कर दिया। पीड़ित ने अनूप तिवारी, सौरभ मिश्रा और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत दी है।

छठ पूजा और दीपोत्सव के लिए सजने लगे गंगा घाट, नगर निगम ने तेज की तैयारी

नागेश्वर, छतनाग और ज्ञान गंगा घाट पर सफाई अभियान जारी, बंद लाइटें चालू कराने की मांग



झूंसी (प्रयागराज)। दीपावली और छठ पूजा को देखते हुए नगर निगम ने झूंसी के गंगा घाटों की साफ-सफाई और व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की तैयारी तेज कर दी है। छतनाग स्थित नागेश्वर घाट, छतनाग घाट और ज्ञान गंगा घाट पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जेसीबी और पानी के टैंकर की मदद से घाटों से मिट्टी हटाकर उन्हें पूजा के अनुकूल बनाया जा रहा है। छठ पूजा के दौरान बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं और श्रद्धालु गंगा तट पर पहुंचकर डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। वहीं, दीपावली पर घाटों पर दीपोत्सव भी आयोजित किया जाता है। इसे देखते हुए स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षित आवागमन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वार्ड नंबर ४५ छतनाग के पार्षद शिवनारायण यादव ने घाटों की सफाई में जुटी नगर निगम की टीम के कार्यों की सराहना की। उन्होंने सिंचाई विभाग से घाटों पर बंद पड़ी लाइटों को जल्द चालू कराने की मांग की। साथ ही गंगा का जलस्तर बढ़ने के दौरान दीवारों पर बनी कलाकृतियों को हुए नुकसान की मरम्मत कराने की अपील की। पार्षद ने नगर निगम से घाटों की बेहतर साफ-सफाई कराने का आग्रह किया, ताकि छठ व्रत करने वाली महिलाओं और अन्य श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।

सहायक अध्यापक को रास्ते में रोककर पीटा, सरकारी कागज फाड़े

आरोपित पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप, मुकदमा दर्ज

मांडा (प्रयागराज)। सरकारी कार्य से बीआरसी कार्यालय जा रहे सहायक अध्यापक को रास्ते में रोककर मारपीट करने और सरकारी कागजात फाड़ने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मांडा थाना क्षेत्र के भरारी द्वितीय गांव निवासी मदन गोपाल सिंह प्राथमिक विद्यालय चकडीहा में सहायक अध्यापक हैं। उन्होंने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि १२ अक्टूबर को दोपहर करीब एक बजे वह विद्यालय से मांडा खास स्थित बीआरसी कार्यालय जा रहे थे। भरारी द्वितीय गांव के सामने पहुंचने पर गांव के ही मोहित यादव पुत्र जयपाल यादव ने कथित तौर पर उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान आरोपित ने उनके सरकारी कागजात छीनकर फाड़ दिये और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने तहरीर में यह भी आरोप लगाया है कि आरोपित का इससे पहले चार बार शांति भंग के मामले में चालान हो चुका है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३६३)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।

महर्षि वाल्मीकि का आत्म परिवर्तन प्रेरणादायी-प्रमोद त्रिपाठी

एसवी इंटर कालेज में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनायी गयी वाल्मीकि जयंती

झूंसी (प्रयागराज)। सरोज विद्याशंकर इंटर कालेज में आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी और सांस्कृतिक प्रमुख जयद्रथ ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया।

इस अवसर पर कक्षा आठ के छात्र तेजस्वी पाल ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डाला। वहीं, कक्षा नौ की छात्रा दिव्यदर्शनी गिरी ने रामायण पर आधारित भक्ति गीत प्रस्तुत कर विद्यालय परिसर को भक्तिमय बना दिया। सांस्कृतिक प्रमुख जयद्रथ ने कहा कि डाकू रत्नाकर से महर्षि वाल्मीकि बनने की यात्रा आत्मपरिवर्तन, तपस्या और साधना की अद्भुत मिसाल है। रामायण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला प्रेरणास्रोत भी है। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने कहा कि निरंतर जप, तप और कठोर साधना से रत्नाकर का जीवन बदल गया और वे महर्षि वाल्मीकि के रूप में प्रतिष्ठित हुए। उनकी रचित रामायण आज भी सत्य, धर्म, त्याग, प्रेम और मर्यादा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। प्रबंधक डा. दुर्गा प्रसाद मणि त्रिपाठी ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन को अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने वाली प्रेरणादायी यात्रा बताया। कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य राम सिंह यादव, कमलेश प्रसाद यादव, अरविंद कुमार त्रिपाठी, शशांक त्रिपाठी, विभव प्रजापति, बद्री विशाल दूबे सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



भरत मिलाप का भावुक दृश्य देखकर दर्शकों के छलके आंसू

फाफामऊ (प्रयागराज)। प्रयागराज रामलीला कमेटी फाफामऊ की ओर से सोमवार को फाफामऊ गदा चौराहे पर भरत मिलाप कार्यक्रम का भव्य मंचन किया गया। भगवान राम के अयोध्या लौटने और भरत से मिलन का भावुक दृश्य देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे। चारों भाइयों के गले मिलने के दौरान उनकी आंखों से छलके आंसुओं ने उपस्थित लोगों को भी भावुक कर दिया। राम के जयकारों से पूरा परिसर राममय हो उठा।

भरत और शत्रुघ्न पहले से अयोध्या में मौजूद थे, जबकि भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता के साथ अयोध्या पहुंचे। राम को देखते ही भरत उनसे गले मिले। इसके बाद अयोध्या नगरी के रूप में सजाए गये परिसर में भगवान राम को राजगद्दी पर विराजमान कर उनका राज्याभिषेक किया गया। चारों भाइयों की एक झलक पाने के लिए दर्शकों में उत्साह दिखाई दिया।

कैकेयी के दो वरदान से उजड़ा अयोध्या का राजमहल, राम वनगमन पर छलके आंसू

पुत्र वियोग में राजा दशरथ ने त्यागे प्राण, दर्शक हुए भावुक

बरौत (प्रयागराज)। हंडिया तहसील क्षेत्र के ग्रामसभा औरा में चल रही रामलीला के छठवें दिन कलाकारों ने दशरथ-कैकेयी संवाद, राम वनवास और दशरथ मरण की लीला का भावपूर्ण मंचन किया। राम के वनगमन और पुत्र वियोग में राजा दशरथ के प्राण त्यागने के दृश्य ने दर्शकों को भावुक कर दिया। मंचन में दिखाया गया कि मंथरा के बहकावे में आकर कैकेयी कोप भवन में चली जाती हैं। राजा दशरथ उनके पास पहुंचकर उदासी का कारण पूछते हैं। इस पर कैकेयी उन्हें देवासुर संग्राम के दौरान दिये गए दो वरदानों की याद दिलाती हैं। वह पहले वरदान में भरत के लिए राजगद्दी और दूसरे में राम के लिए १४ वर्ष का वनवास मांगती हैं। कैकेयी की मांग सुनकर राजा दशरथ व्याकुल हो जाते हैं और राम के वियोग की कल्पना कर विलाप करने लगते हैं। वहीं, राम पिता के वचन को सर्वोपरि मानते हुए माता कौशल्या से आज्ञा लेकर भाई लक्ष्मण और पत्नी सीता के साथ वन जाने के लिए तैयार हो जाते हैं। राम, लक्ष्मण और सीता के मुनिवेश में वन प्रस्थान का दृश्य देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गईं। इसके बाद पुत्र वियोग में राजा दशरथ के प्राण त्यागने की करुण लीला का मंचन किया गया। समिति के अध्यक्ष इंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि राम की भूमिका दीपक पांडेय, लक्ष्मण की मयंक पांडेय, सीता की आदित्य पांडेय, दशरथ की वीरेंद्र तिवारी और रावण की भूमिका चंद्रशेखर पांडेय ने निभाई। इस मौके पर समिति के संचालक एवं ग्राम प्रधान संजय शुक्ला, निर्देशक सुनील कुमार मौर्य, अनिल पांडेय सहित समिति के पदाधिकारी, कलाकार और बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

घूरपुर में पुलिस ने किया पैदल गश्त, संदिग्धों की तलाशी

घूरपुर (प्रयागराज)। आगामी त्योहारों और कानून-व्यवस्था को लेकर घूरपुर पुलिस ने मंगलवार को कस्बे में पैदल गश्त कर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की गयी। वहीं, सड़क पर अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी देकर यातायात व्यवस्था सुचारू रखने की हिदायत दी गयी।

प्रभारी निरीक्षक हरकेश सिंह के नेतृत्व में सीसीटीएनएस टीम और पुलिस बल ने मुख्य बाजार, चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में गश्त की। पुलिस ने सड़क पर ठेला-खोमचा लगाने और बेतरतीब वाहन खड़े करने वालों को समझाया कि अतिक्रमण से आवागमन बाधित होता है और जाम की स्थिति बनती है। गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर तलाशी ली गयी और पूछताछ की गयी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के खिलाफ भी कारवाई की गयी। बिना हेलमेट, आवश्यक कागजात के अभाव और बाइक पर तीन सवारी बैठाकर चलने वालों के चालान काटे गये। प्रभारी निरीक्षक हरकेश सिंह ने बताया कि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पैदल गश्त और चेकिंग अभियान जारी रहेगा। उन्होंने नागरिकों से संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। साथ ही दुकानदारों से सड़क पर सामान न रखने और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने को कहा।

श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और यमलार्जुन उद्धार की झांकी ने मोहा मन

प्रभुदत्त ब्रह्मचारी जी महाराज की जयंती पर भागवत कथा और रासलीला में उमड़े श्रद्धालु

झूंसी (प्रयागराज)। श्री संकीर्तन भवन धार्मिक न्यास के संस्थापक व्यासावतार श्री प्रभुदत्त ब्रह्मचारी जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद्भागवत चरित्र सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं सप्तदिवसीय श्री रासलीला के तीसरे दिन मंगलवार को श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर रहे। भागवत कथा के श्रवण के साथ भगवान श्रीराधा-कृष्ण की लीलाओं का भावपूर्ण मंचन किया गया।

प्रथम पाली में व्यास गणेश जी के सानिध्य में २१ आचार्यों ने भागवत चरित्र का पाठ किया। दूसरी पाली में शाम पांच से आठ बजे तक रासलीला का मंचन हुआ।

व्यास पंडित परमानंद जी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और यमलार्जुन उद्धार की मनोहारी झांकी प्रस्तुत की। मंचन देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा परिसर श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में पूज्यपाद ब्रह्मचारी जी महाराज के अनन्य कृपापात्र स्वामी दयानंद जी महाराज का सानिध्य रहा। ट्रस्ट की मंत्री रजनी मेहरोत्रा सहित पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराधा-कृष्ण का पूजन-अर्चन किया। रमन शर्मा ने विधिवत पूजन कराया। इस अवसर पर डा. सियाराम त्रिपाठी, डा. विद्याधर द्विवेदी, डा. जीपी शुक्ला, सभापति तिवारी, आचार्य ओमप्रकाश मिश्र, नरेश सिंगला, संदीप केसरवानी, अधिवक्ता लक्ष्मण त्रिपाठी, डा. श्रीकृष्ण त्रिपाठी, सुनीता शर्मा, बारू राम शर्मा, दीपक जोशी, रामजी त्रिपाठी, प्रीतम, बृजेश तिवारी, रेखा खरे, बबिता त्रिपाठी, सुषमा शुक्ला, बसंत तिवारी, भरत त्रिपाठी, सौरभ आदित्य और अमन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, प्रेम, धर्म और सदाचार का संदेश दिया जा रहा है।

